





## एक नजर में

### ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला

**चिचोली।** चिचोली नेशनल हाईवे पर चंडी जोड के पास लोहे से भरा एक ट्रक बैतूल से इन्दौर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे बाईक सवार युवक एवं महिला को कुचल दिया। जिसमें दोनो की घटनास्थल पर मौत हो गई है। राहगीरों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और दोनों मृतक महिला युवक कहा के है, जानकारी जुटा रही हैद्व ट्रक ड्राइवर टक्कर मारने के बाद ट्रक छोड़कर भाग गया है।

### दक्षिण वनमंडल ने अब तक रोपे 7 .25 लाख पौधे

**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दक्षिण वनमंडल ने इस वर्ष वर्षा ऋतु की शुरुआत के साथ ही एक प्रभावी पहल की है। डीएफओ विजयानन्तम टी.आर. के मार्गदर्शन में दक्षिण बैतूल वनमंडल अंतर्गत समस्त परिक्षेत्रों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, आम नागरिक, वन समिति सदस्य, जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। 18 जुलाई 2025 तक वनमंडल अंतर्गत कुल 7,25,306 पौधे रोपित किए जा चुके हैं। यह जानकारी भारत सरकार के मेरी लाइफ वेब पोर्टल पर भी दर्ज की गई है। इसी क्रम में 18 जुलाई को प्रभारी मंत्री, नरेन्द्र शिवाजी पटेल, राज्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं महेन्द्र सिंह चौहान, विधायक, भैंसदेही द्वारा ईको टूरिज्म केंद्र, कुकरू के प्रवास के दौरान परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपवनमंडलाधिकारी भैंसदेही देवानंद पाण्डेय, परिक्षेत्र अधिकारी भैंसदेही जी.एस. नरगेश, वन कर्मचारी एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अब तक वनमंडल अंतर्गत 42 विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और वन कर्मचारियों द्वारा मिश्रित प्रजातियों के 4665 पौधे रोपे जा चुके हैं। इन पौधों में आम, सीताफल, आंवला, पीपल, करंज और अनार जैसे फलदार व औषधीय प्रजातियां प्रमुख हैं।

### शालेय ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला स्तर का हुआ चयन

**मुलताई।** नगर के वीआईपी स्कूल में शुक्रवार को 14,17 एवं 19 वर्षीय बालक बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विकासखंड खेल अधिकारी महेश खत्री एवं वीआईपी स्कूल की प्राचार्य नीतू शर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता मे वीआईपी स्कूल, न्यू कॉर्मल स्कूल, करोला पब्लिक स्कूल,परसठानी ,आरडी पब्लिक स्कूल, गुरुकुल स्कूल,पोद्दार स्कूल, सनराइज पब्लिक स्कूल,हायर सेकेंडरी स्कूल जौलखेड़ा के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने मे वीआईपी के खेल शिक्षक अमित कुमार, वरिठ खिलाडी तुषार उदासी, नारायण निरापुरे, करोला पब्लिक खेल शिक्षिका कल्याणी नरवरे, न्यू कॉर्मल स्कूल खेल शिक्षिका खुशबू बुवाडे, शा. हायर सेकेंडरी स्कूल जौलखेड़ा शिक्षिका खुशबू सागरे ने सहयोग प्रदान किया। 14 वर्षीय चयनित छात्र में वीआईपी स्कूल से निहाल काले, अंशुल, हरीश साबले, सोहन खंडेलवाल, सदाशिव बेले पोद्दार स्कूल से मान खुराना, कोरोला पब्लिक स्कूल से लावेन्द्र सिंह ठाकुर एवं 17 वर्ष मे वीआईपी स्कूल से प्रफुल पवार, सनराइज स्कूल से गौतम जगदेव, कोरोलो पब्लिक स्कूल से भूपेंद्र सिंह, हिमांक राठौर का चयन हुआ है।

# जनसामान्य को योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी न हो

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 18 जुलाई. जनसामान्य को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिलने में परेशानी न हो। सभी विभागीय अधिकारी अपनी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूर्ण कराएं।**

**विकास कार्यो को गुणवत्तापूर्ण रूप से कराएं**

**प्रभारी मंत्री ने भैंसदेही में विकास कार्यो की समीक्षा**

स्थानीय जनप्रतिनिधियों को योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति से नियमित रूप से अवगत कराएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं और मुद्दों का पूरी गंभीरता और तत्परता से समाधान किया जाएं। यह निर्देश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार को जिले के भैंसदेही जनपद कार्यालय में आयोजित विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। विधानसभा स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने भैंसदेही विधानसभा अंतर्गत भैंसदेही, भीमपुर और आठनेर ब्लॉक में योजनाओं और विकास कार्यों की विभागवार प्रगति की समीक्षा की। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मुद्दों की जानकारी भी ली। बैठक में विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष भैंसदेही, राजा ठाकुर, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित सभी जिला अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहें।



पीएम आवास से वंचित हितग्राहियों को लाभांवित करे

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत स्वनिधि से समृद्धि अभियान, अमृत 2.0, पीएम आवास योजना शहरी इत्यादि योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पीएम आवास से वंचित हितग्राहियों को धारणाधिकार योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में भैंसदेही को 5 कॉलोनियों में मूलभूत विकास नहीं होने की समस्या पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी भैंसदेही को इन कालोनियों के नियमितीकरण संबंधी कार्यवाही कर विकास किए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर निर्देशित किया कि स्वास्थ्य मूलक समस्त योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए टीबी मरीजों को निशुल्क इलाज उपलब्ध करा रही है। पीपीपी मॉडल पर बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के भी प्रयास किए जा रहे है। झल्लार में चिकित्सकों की कमी पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को युक्तियुक्तकरण कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### पटवारी अपने हलको पर रहे उपलब्ध

राजस्व विभाग की समीक्षा कर प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने सीमांकन और नक्शा दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी अपने हलकों पर निर्धारित दिवसों पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें और इनकी लोकेशन के माध्यम से मॉनिटरिंग भी की जाएं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने पीएम आवास के शेष लक्ष्य को भी शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश तीनों जनपदों के जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने कुकरु में आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। विभागीय योजनाओं में अपेक्षाकृत कम प्रगति पर जनपद सीईओ भीमपुर को विशेष ध्यान के लिए निर्देशित किया।

### विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें : प्रभारी मंत्री

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा कर मृदा स्वास्थ्य मिशन का व्यापक प्रचार प्रसार करने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वितरण कराने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग को उद्यानिकी फसलों के उत्पादन संबंधी कार्यों से स्व सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने महाप्रबंधक एमपीईबी को नवीन उपकेंद्रों के निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने और विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक सेवा केंद्रों का प्रभावी ढंग से संचालन किया जाएं। लोक सेवा के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं लिया जाएं और केंद्र के कर्मचारी आमजन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। निर्धारित राशि से अधिक लेने वाले लोक सेवा केंद्रों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएं। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने खनिज, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, पशुपालन, मत्स्य पालन इत्यादि विभागों की विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर 100 फीसदी उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए।

# वैश्य महासम्मेलन एवं आजीवन सदस्यों का सम्मेलन 27 को

**बैतूल। वैश्य महासम्मेलन जिला ईकाई बैतूल के तत्वावधान में आगामी 27 जुलाई को शाहपुर में जिला कार्यकारणी की बैठक एवं आजीवन सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का होगा सम्मान**

**प्रदेश अध्यक्ष के निवास पहुंचकर दिया आमंत्रण**

इस अवसर पर जिला ईकाई बैतूल की ओर से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का अभिनंदन एवं सम्मान करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल के नेतृत्व में पदाधिकारीगण एवं वैश्य बंधु उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें निमत्रंण पत्र दिया गया। हेमंत खंडेलवाल ने सहर्ष स्वीकार कर कार्यक्रम में आने की सहमति प्रदान की है। उक्त कार्यक्रम में उमाशंकर गुप्ता, संरक्षक, सुधीर अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष, वैश्य महासम्मेलन म.प्र. विशेष रूप से मार्गदर्शन देने हेतु उपस्थित रहेगें।



इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बिरदीचंद पगारिया, जिलाध्यक्ष अखिलेश गोठी, जिला महामंत्री हेमंत पगारिया, जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, राजकुमार (राजु) अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, किशोर (डब्बू) जैन, मनीष (बंटी) खंडेलवाल, जयदीप रूनवाल, तहसील प्रभारी मुकेश गुप्ता, हेमंत राका, अरविंद मालवीय, अनुज लुहाडिया, बैतूल, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य तपन मोनू खंडेलवाल, देवेन्द्र (जैन) घोपाडे, मुलताई, अधिवक्ता आलोक गोयल, हरदा आदि मौजूद रहे।

# लगा वॉटर कूलर, छात्राओं को मिलेगा ठंडा पानी

**नवभारत, भौंरा।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय भौंरा में छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में वाटर कूलर स्थापित किया गया है। यह कार्य में परम डिस्ट्रिब्यूटर कंपनी के प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय की ओर से जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र बैतूल को भेजे गए पत्र में बताया गया कि वॉटर कूलर की स्थापना परम डिस्ट्रिब्यूटर पब्लिक रिलेशन स्टेशन रोड भोपाल के सहयोग से की गई। इस अवसर पर ग्राम भौंरा के जनप्रतिनिधि मोहनलाल खूबानी, मन्नू सिंह सिकरवार,



अंकूर भदौरिया, चन्द्रप्रकाश मिश्रा, ग्राम सरपंच श्रीमती मीरा धुर्वे, उपसरपंच महेन्द्र सिंह सिरोसिया, जनपद सदस्य सुभाष नायक एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिका भी मौजूद रही। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार कटारे ने बताया कि तेज गर्मी के मौसम में छात्राओं को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वॉटर कूलर लगाया गया है। इस पहल से विद्यालय की सैकड़ों छात्राओं को लाभ मिलेगा। विद्यालय प्रशासन ने इस सहयोग के लिए सभी सहयोगियों का आभार जताया है।

# डाक विभाग में 21 जुलाई को रहेगा नियोजित अवकाश

**बैतूल। छिंदवाड़ा संभाग के अंतर्गत जिला छिंदवाड़ा, पांदुर्णा एवं बैतूल जिले के सभी डाकघरों में 22 जुलाई से आईटी 2.0 एप्लीकेशन का रोल आउट डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन लागू किया जाएगा।**

छिंदवाड़ा संभाग के अधीक्षक डाकघर ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफार्म के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को बनाए रखने के लिए 21 जुलाई को नियोजित अवकाश डाउनटाउन निर्धारित किया गया है। 21 जुलाई को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया गया जाएगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फिग्रेशन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए आवश्यक है, ताकि नई प्रणाली को सुचारू और प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। एपीटी एप्लिकेशन को उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर करने, त्वरित सेवा प्रदान करने और अधिक ग्राहक हितैषी इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने ग्राहकों से असुविधा से बचने के लिए अपने डाकघर संबंधी कार्य पूर्व में ही निपटा लेने का अनुरोध किया है।

# रास्ता बंद करने के विरोध में चक्काजाम

**बैतूल। अर्जुन नगर क्षेत्र में रास्ता बंद किए जाने को लेकर शुक्रवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बैतूल-आमला मार्ग पर जज कॉलोनी के पास लोगों ने चक्काजाम कर दिया।**

**चक्काजाम में फंसी एंबुलेंस और स्कूल बस**

**पुलिस ने समझाईश देकर खुलवाया जाम**

इस दौरान स्कूल बसें, एंबुलेंस और अन्य वाहन लंबी कतारों में फंसे रहे। पुलिस को चक्काजाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रदर्शनकारी तीन वार्डों के





रहवासी थे, जो मुख्य सड़क और अपनी बस्ती को जोड़ने वाले रास्ते के बंद होने से नाराज हैं। यह रास्ता जज कॉलोनी से होकर गुजरता है जिसे सुरक्षा कारणों से बंद किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि वैकल्पिक मार्ग काफी लंबा और असुविधाजनक है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि इस रास्ते को लेकर पिछले एक साल से विवाद चल रहा है, लेकिन समाधान नहीं निकल पाने से लोगों का आक्रोश बढ़ गया है। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और समझाइश के बाद जाम खुलवाया गया।

# नवजात शिशुओं की छुट्टी से पहले मिला जन्म प्रमाण पत्र

**बैतूल। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंशानुरूप जिले में नवजात शिशुओं का जन्म प्रमाण पत्र उनकी माताओं को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही प्रदान किया जा रहा है।**

इसी क्रम में शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने जनपद भैंसदेही के शासकीय अस्पताल पहुंचकर तीन माताओं को उनके नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र सौंपा। शासन की मंशा के अनुरूप माता श्रीमती फूलवंती, श्रीमती रितु वाड़िवा, श्रीमती गंगा को छुट्टी से पूर्व ही उनके बच्चे का पहला कानूनी दस्तावेज सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े तथा स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हुरमाड़े ने प्रभारी मंत्री श्री पटेल को आयुष्मान योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम इत्यादि स्वास्थ्य मूलक योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी भी दी।

# सड़क को तरस रहे कालडोंगरी के ग्रामीण

**भैंसदेही।** भैसदेही जनपद क्षेत्र की ग्राम कालडोंगरी के ग्रामीण शमसान जाने वाले रास्ते की मांग को लेकर पिछले 5 वर्षों से परेशान है। उनके द्वारा जिले के कलेक्टर से लेकर समस्त अधिकारियों के पास आवेदन निवेदन किया जा चुका है, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिलते आया है। शमसान जाने वाले रास्ते पर भी किसी ने कब्जा कर लिया है और सीमांकन करने गए अधिकारी की खामी के चलते रास्ता बंद किया गया है। भैंसदेही विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र पटेल से कालडोंगरी के ग्रामीण मिले और अपनी समस्या से अवगत करवाया



और जल्द से जल्द रास्ता दिये जाने की मांग की है। पहुँच मार्ग पर पक्की सड़क निर्माण करवाने का भी निवेदन किया है। ग्रामीणों ने बताया कि शमशान का रास्ता इतना खराब है कि कई बार शव गिरने की घटनाएं भी हो चुकी है। प्रभारी मंत्री ने आश्वासन तो दिया है जल्द समस्या का समाधान करवाया जाएगा। कालडोंगरी के उपसरपंच अलकेश नागले ने बताया कि मोक्षधाम पर पहुंचने के लिए रास्ते की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। प्रभारी मंत्री को समस्या से अवगत कराया गया, जिन्होंने आश्वासन दिया है।

# टैक्स नहीं बढ़ेगा, ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगेगी सेग्रीगेशन मशीन

**सारनी। स्वच्छ भारत मिशन से मिले अनुदान से खरीदी जाएंगी स्वीपिंग और सेग्रीगेशन मशीनें, नगर पालिका परिषद सारनी का सामान्य सम्मेलन शुक्रवार 18 जुलाई को दोपहर 1 बजे नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित किया गया।**

बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष किशोर बर्दे ने की। इस दौरान परिषद ने नागरिकों को राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसी भी प्रकार के संपत्तिकर या अन्य टैक्स में वृद्धि न करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ट्रेंचिंग ग्राउंड को



अपग्रेड करने के लिए सेग्रीगेशन मशीन लगाने पर भी मुहर लगी। प्रभारी सीएमओ के. के. भावसार ने बताया कि मशीन लगने के बाद कचरा प्रबंधन का कार्य और अधिक तीव्र व स्वच्छता के मानकों के अनुसार हो सकेगा। अभी तक यह कार्य मैन्युअल तरीके से किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मुख्य सड़कों की धुलाई व सफाई हेतु स्वीपिंग मशीन खरीदी जाने का भी निर्णय लिया गया। नगर पालिका भवनों व संपत्तियों की सुरक्षा हेतु गार्ड व गनमैन रखने, तथा आउटसोर्स पर कर्मचारियों की सेवाएं लेने की स्वीकृति भी दी गई। सम्मेलन में पार्षद छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, मीना ददन सिंह, किरण झरबड़े, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, संगीता धोटे, प्रवीण सोनी, भावना माकोड़े, हरिता पाल, बेबी ठाकुर, प्रीति मानकर, गणेश महस्की, जफर अंसारी, महेंद्र भारती, वंदना वामनकर, अनीता बेलवशी, अजाबराव धोटे, आकाश पंद्राम, कविता पटैया, मनोज डेहरिया सहित अन्य पार्षद व नगरपालिका अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** कावड़ यात्रियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक कर महाआरती की जाएगी

# मां ताप्ती का अभिषेक कर कावड़ यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**मुलताई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद शुक्रवार को प्रथम बार हेमंत खंडेलवाल सर्व मंगल कावड यात्रा में शामिल होने पुण्य सलिला सूर्यपुत्री मां ताप्ती की उद्गम स्थली पहुंचे।**

कावड़ यात्रा के पूर्व उन्होंने मां ताप्ती मंदिर में पूजन कर दर्शन किए। वहीं ताप्ती सरोवर पर विधि विधान से दुग्ध अभिषेक किया। जिसके बाद जयकारों के साथ शिवधाम सालबर्डी के लिए मां ताप्ती सर्वमंगल कावड़ यात्रा रवाना हुई। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खण्डेलवाल,केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन



नागर, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बबला शुक्ला सहित श्रद्धालुओं ने कावड़ पूजन कर कावड़ियों का तिलक किया। इसके पूर्व अतिथियों ने ताप्ती मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद ताप्ती सरोवर में अभिषेक पूजन भी किया। कावड़ियों के साथ हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री सहित अतिथियों ने कंधे पर कावड़ रखकर ताप्ती सरोवर की परिक्रमा कर मासोद तिराहे से यात्रा को अगले पड़ाव की ओर रवाना किया। शुक्रवार कावड़ यात्रा ग्राम रायआमला होते हुए ग्राम आष्टा पहुंचेंगी। जहां भवानी मंदिर में कावड़ यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। 19 जुलाई को सुबह कावड़ यात्रा आष्टा से प्रारंभ होकर ग्राम मासोद,पांच पांडव,इटावा होते हुए गेहूंबारसा पहुंचेंगी। जहा कावड़ यात्रा रात्रि विश्राम करेगी। तीसरे दिन 20 जुलाई को गेहूंबारसा से कावड़ यात्रा प्रारंभ होकर ग्राम चारसी में गौ पूजन कर ग्राम बोरपेंड होते हुए सालबर्डी पहुंचेंगी। जहां रात्रि विश्राम कर 21 जुलाई सोमवार को सालबर्डी शिवधाम में कावड़ यात्रियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक कर महाआरती की जाएगी।

### प्रदेशाध्यक्ष का मुलताई में हुआ जोरदार स्वागत

**मुलताई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार मुलताई पहुंचे हेमंत खंडेलवाल का नगर सीमा पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया एवं मिठाई से तुलादान किया। इस अवसर पर हेमंत खंडेलवाल ने कहा कार्यकर्ताओं से मिले इस प्रेम से मैं अभिभूत हूं। मुझे पार्टी ने बढा दायित्व सौंपा है, पर मैं जैसे पहले था वैसा आज भी हूं आपके साथ हूं। प्रदेशाध्यक्ष का काफिला फोरलेन से होता हुआ भाजपा भवन पहुंचा, जहां डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार सहित भाजपाई उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म .प्र .)

क्रमांक/लो.नि.शा./ई./6059 से 6062 बैतूल दिनांक 10/07/2025

//ई- टेन्डर आमंत्रण सूचना//

(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _436247_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD WEARING COAT FROM BALAK BABA MANDIR TO BABLU AND RAJESH BARSKAR TO TRENCHING GROUND IN KIDVAI WARD BETUL | 1- 55 Days 2- 1091745/- | 1- 2000/- 2- 8200/- | 11/08/2025 |
| 2 | 2025_UAD _436248_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM MAIN ROAD TO SANJEEVANI SCHOOL AND PANDE JI HOUSE IN AMBEDKAR WARD BETUL | 1- 55 Days 2- 1149249/- | 1- 2000/- 2- 8600/- | 11/08/2025 |
| 3 | 2025_UAD _436249_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD WEARING COAT FROM FANSI KHADAN MAIN ROAD FARID AND ATTACHED GALIS IN KIDVAI WARD BETUL | 1- 55 Days 2- 1528393/- | 1- 2000/- 2- 11500/- | 11/08/2025 |
| 4 | 2025_UAD _436250_1 | CONSTRUCTION OF BT ROAD IN DIFFERENT LOCATION IN MOTI WARD BETUL | 1- 50 Days 2-2828608/- | 1-5000/- 2- 21200/- | 11/08/2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बैतूल**